शालीमार पेंट्स पंजाब में बढ़ाएगी अपनी मौजूदगी

▪ दो नए इमल्शन और दो प्राइमर किए लॉन्च

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

शालीमार पेंट्स लिमिटेड ने पंजाब के बाजार में अपनी उपस्थिति को नए सिरे से मजबूत करने के लिए नए ब्रांडिंग और नए उत्पादों के साथ नई शुरुआत की है। कंपनी ने आज दो नए इमल्शन और दो प्राइमर्स लॉन्च किए है। आने वाले फेस्टिव सीजन से पहले कंपनी बाजारों में अपनी उत्पादों को मजबूती से दर्ज करवाना चाहती है। देश में शालीमार पेंट्स की री-लॉन्च ही पंजाब से की जा रही है।

समीर नागपाल, सीईओ, शालीमार पेंट्स

सबसे पुरानी पेंट कंपनी

नागपाल ने बताया कि 1902 में स्थापित और 112 साल के विस्तृत अनुभव के साथ हम पंजाब में भी लंबे समय से मौजूद रहे हैं। पंजाब में कंपनी के 5 डिपो चंडीगढ़, मोहाली, लुधियाना, जालंधर और बठिंडा में हैं और 380 से अधिक का डीलर नेटवर्क है।